दिनांक 27.04.2020

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

डोनेशन ऑन व्हील्स के जरिए दान देने समितियां भी आ रही आगे

भिलाई नगर। डोनेशन ऑन व्हील्स के जरिए दान देने के लिए आम नागरिकों के साथ निगम क्षेत्र के समितियां भी सामने आ रही है। आज कातुल बोर्ड कॉलोनी निवासी यशवंत देशमुख , नेहरू नगर के ज्येष्ठ नागरिक मंच सियान सदन, सेक्टर-04 भिलाई के बुंदेलखंड अम्बेडकर समिति व शांतिनगर के नवदीप ने चांवल , दाल, तेल, मसाला, आलू, आटा, नमक, पोहा इत्यादि राहत सामग्री का खाद्यान पैकेट प्रदान कर जरूरतमंदों की मदद की है।

लॉक डाउन में भूखे , गरीब, असहाय एवं इसी प्रकार के अन्य लोगों तक सहायता प्रदान करने अब आप अपने घर पर ही रह कर डोनेशन ऑन व्हील्स वाहन की मदद से राहत पैकेट इत्यादि प्रदाय करके सहयोग कर सकते हैं। ऐसे लोगों के लिए किसी भी प्रकार की सहायता देने के लिए डोनेशन ऑन व्हील्स वाहन की मदद ले सकते हैं साथ ही निगम के हेल्पलाइन नंबर 6260008819, 9907878744 एवं 9109176812 पर संपर्क करके वाहन को अपने घर तक दान करने के लिए बुलाया जा सकता है। लॉक डाउन के दौरान लोग घर से नहीं निकल पा रहे है परंतु जरूरतमंदों की मदद के इच्छुक है ऐसे लोग डोनेशन ऑन व्हील्स की मदद से राहत पैकेट या अन्य राशन सामग्री जरूरतमंदों के लिए दे सकते हैं। निगम प्राप्त राशन सामग्रियों को जरूरतमंदों तक पहुंचाने का कार्य करेगी। दिए गए हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करने से वाहन का लोकेशन की जानकारी मिल सकेगी जिसे दान देने के लिए घर तक बुलाया जा सकता है। लॉक डाउन की तिथि बढ़ने के बाद दान देने वाले आगे आ रहे हैं और जरूरतमंदों के लिए राहत सामग्री डोनेशन ऑन व्हील्स के जरिए देकर मदद कर रहे हैं।

जनसम्पर्क अधिकारी